# उद्यमियों की बैठक में यूपी में निवेश बढ़ाने पर जोर

लखनऊ, संवाददाता। व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने उद्योग सदस्यों की होटल क्लार्क्स अवध में आयोजित बैठक में गन्ना विकास और चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हासिल करने और प्रदेश में व्यापार बढ़ाने के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीएचडीसीसीआई सदस्यों से बातचीत की और राज्य में निवेश और विकास के रणनीतिक अवसरों पर चर्चा की। पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ सदस्य रजनीश चोपड़ा और यूपी चैप्टर के सह-अध्यक्ष राजेश निगम भारतीय उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए पीएचडीसीसीआई की भूमिका और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। रोबोज टेक के सीएमडी व वैज्ञानिक मिलिंद राज ने डिजिटल मार्केटिंग से एमएसएमई को होने वाले फायदे पर चर्चा की। सिडबी के एजीएम सैयद फरमान इमाम ने क्रेडिट सुविधाओं और ऋण की जानकारी दी। यूपी चैप्टर के सह अध्यक्ष राजेश निगम ने पीएचडीसीसीआई की भूमिका पर प्रकाश डाला।